web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 30 मई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 242

## भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकत, समुद्र में गरजेंगे 26 राफेल-एम

❑ 50 हजार करोड़ की डील पर चर्चा आज

नई दिल्ली । आरएनएस



भारत और फ्रांस के बीच राफेल को लेकर एक और डील की तैयारी चल रही है। दोनों देश 50 हजार करोड़ रुपये के 26 राफेल समुद्री जेट सौदे के लिए बातचीत शुरू करने वाले हैं। 30 मई को एक उच्चस्तरीय फ्रांसीसी दल वार्ता के लिए भारत आएगा। उसके बाद दोनों देशों के अधिकारी सौदे के अनुबंध पर बातचीत शुरू करेंगे।

रक्षा उद्योग के अधिकारियों ने बताया कि फ्रांसीसी पक्ष लड़ाकू जेट सौदे पर आधिकारिक बातचीत करने के लिए रक्षा मंत्रालय के समकक्षों से मुलाकात करेगा। फ्रांसीसी दल में मूल उपकरण निर्माता डसॉल्ट एविएशन और थेल्स सहित फ्रांस के रक्षा मंत्रालय और उद्योग के अधिकारी शामिल होंगे। वहीं, भारत की ओर से रक्षा अधिग्रहण विंग और भारतीय नौसेना के सदस्य वार्ता में भाग लेंगे।

फ्रांस ने भारतीय नौसेना के विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य के लिए 26 राफेल समुद्री जेट खरीदने के लिए भारत की निविदा पर दिसंबर में ही अपनी प्रतिक्रिया जमा कर दी थी। भारत सरकार ने फ्रांसीसी प्रस्ताव का गहन मूल्यांकन किया है, जिसमें विमान के लिए वाणिज्यिक प्रस्ताव और अन्य अनुबंध विवरण शामिल हैं। अब भारतीय और फ्रांसीसी अधिकारियों के बीच कड़ी बातचीत की उम्मीद है, क्योंकि यह सौदा सरकार-से-सरकार के बीच अनुबंध है। नौसेना प्रमुख ने अपनी टीम को परियोजना की समय-सीमा में तेजी लाने का निर्देश दिया है ताकि विमानों को तेजी से अंतिम रूप देने और सूची में शामिल करने को सुनिश्चित किया जा सके।

राफेल समुद्री जेट एक मिनट में 18 हजार मीटर की ऊंचाई पर जा सकता है। यह विमान पाकिस्तान के पास मौजूद एफ-16 या चीन के पास मौजूद जे-20 से काफी हद तक बेहतर है। इस विमान का रेंज 3700 किलोमीटर है। ये अपनी उड़ान वाली जगह से कितनी भी दूर हमला करके वापस लौट सकता है। राफेल की तरह इस विमान में भी हवा में ही ईंधन भरने की क्षमता होती है। इस विमान को खासतौर पर विमानवाहक युद्धपोत के लिए तैयार किया गया है।

## नक्सलियों ने केबल बिछा रही कंपनी का कंटेनर फूंका, एक की जिंदा जलकर मौत

रांची । आरएनएस



रांची के खलारी-मैकलुस्कीगंज इलाके में मंगलवार देर रात माओवादियों ने एक मालवाहक कंटेनर को फूंक डाला। इससे कंटेनर में बैठे एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। वारदात की सूचना मिलने के बाद बुधवार सुबह पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है। रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा है कि आपराधिक वारदात की सूचना मिली है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। घटना स्थल रांची से करीब 60 किलोमीटर दूर है।

प्रारंभिक सूचना के अनुसार, हथियारबंद नक्सलियों ने मैकलुस्कीगंज-चामा सडक़ पर दुल्ली नामक जगह पर देर रात जमकर उत्पात मचाया। कई गाड़ियों को रुकवाया गया और उनपर सवार लोगों से मारपीट की गई। इसी दौरान एक मालवाहक कंटेनर को रुकवाकर उसमें आग लगा दी गई।

सूचना के अनुसार, कंटेनर का ड्राइवर मौके से भाग निकला, लेकिन कंटेनर के अंदर सो रहा एक व्यक्ति जिंदा जल गया। यह कंटेनर इलाके में ऑप्टिकल फाइबर बिछा रही एक कंपनी का बताया जा रहा है।

बुधवार सुबह ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, खलारी थाना इंचार्ज विजय सिंह के अलावा मैकलुस्कीगंज थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इस वारदात के पीछे माओवादी नक्सली रवींद्र गंझू के दस्ते का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। माना जा रहा है कि केबल बिछाने वाली कंपनी से लेवी (रंगदारी) वसूली की मांग को लेकर नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया है। करीब आठ माह पहले नक्सलियों ने मैकलुस्कीगंज में रेलवे पुल निर्माण कार्य साइडिंग पर भी हमला किया था और चार वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। नक्सलियों ने फरमान जारी कर रखा है कि इलाके में निर्माण का कोई भी काम उनकी इजाजत के बगैर नहीं किया जा सकता।

इस वारदात के पीछे जिस नक्सली कमांडर रवींद्र गंझू के दस्ते का नाम आ रहा है, उसपर झारखंड पुलिस ने 20 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा है। उसके खिलाफ नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी एनआईए भी केस दर्ज कर जांच कर रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एमपी में एक ही परिवार के 8 लोगों की हत्या, आरोपी ने खुद भी लगाई फांसी

**छिंदवाड़ा (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने अपने परिवार के आठ लोगों की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार, माहुलझिर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक आदिवासी व्यक्ति ने अपने परिवार के आठ लोगों की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। इस वारदात को आरोपी ने बीती रात अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने मीडिया को बताया कि आदिवासी दिनेश ने परिवार के आठ सदस्यों की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी और उसके बाद खुद ने आत्महत्या कर ली। आरोपी मानसिक विक्षिप्त बताया जा रहा है। उसकी कुछ समय पहले ही शादी हुई थी। वारदात के बाद घर में मारे गए लोगों के शव पड़े हैं। पुलिस मौक पर पहुंच गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। इस वारदात से पूरे इलाके में हडक़ंप मच गया है।

### राजकोट : गेम जोन के मालिक प्रकाश हिरन की जलकर हुई थी मौत, मां के डीएनए से सैंपल हुआ मैच

**राजकोट (आरएनएस)।** राजकोट में टीआरपी गेम जोन के मालिकों में से एक प्रकाश हिरन की पिछले हफ्ते गेमिंग सेंटर में लगी भीषण आग में मौत की पुष्टि हो गई है। इस त्रासदी में बच्चों समेत 30 लोगों की जान चली गई थी। अधिकारियों ने डीएनए टेस्ट के माध्यम से प्रकाश हिरन की पहचान की पुष्टि की है। घटनास्थल पर मिले अवशेषों से लिए गए नमूनों का प्रकाश की मां के डीएनए से मैच किया गया, जिससे उसकी मौत की पुष्टि हुई। प्रकाश हिरन टीआरपी गेम जोन के 60 प्रतिशत शेयरधारक थे। आग लगने के समय के सीसीटीवी फुटेज में प्रकाश को घटनास्थल पर देखा गया था। दरअसल, प्रकाश के भाई जितेंद्र हिरन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि आग लगने के बाद प्रकाश से कोई संपर्क नहीं हो पाया, सभी फोन नंबर बंद हो गए है और प्रकाश की कार आग वाली जगह पर ही मौजूद है। जितेंद्र की अपील के बाद, परिवार से डीएनए नमूने एकत्र किए गए। डीएनए टेस्ट से पुष्टि की कि प्रकाश भी उन पीड़ितों में से था जिनके अवशेष आग के बाद पाए गए थे। पुलिस ने गेम जोन में आग लगने के सिलसिले में हिरन सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका, 7 दिन अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। उन्होंने अंतरिम जमानत बढ़ाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जो खारिज हो गई है। कोर्ट की रजिस्ट्री ने केजरीवाल की अर्जी को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। चूंकि केजरीवाल को नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाने की स्वतंत्रता दी गई है। ऐसे में केजरीवाल की अर्जी सुनवाई योग्य नहीं है। सीएम केजरीवाल को अब 2 जून को सरेंडर करना होगा। बता दें केजरीवाल को 10 मई को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता से अंतरिम जमानत मिल गई थी और उन्हें 2 जून को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया था।

## सांगली में नहर में 10 मीटर नीचे गिरी कार, एक ही परिवार के 6 सदस्यों की मौत

सांगली । आरएनएस

महाराष्ट्र के सांगली में सूखी पड़ी नहर में एक कार गिर गई। इस हादसे में एक ही परिवार के 6 सदस्यों की मौत हो गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। तासगांव पुलिस स्टेशन के ड्यूटी ऑफिसर शिवाजी मांडले ने बताया कि हादसा तासगांव-मनेराजुरी रोड पर रात करीब 1.30 बजे हुआ, जब तेज रफ्तार ऑल्टो कार तासरी नहर में गिर गई। नहर गर्मी के कारण सूखी पड़ी थी। करीब 10 मीटर नीचे नहर में गिरने से कार के परखच्चे उड़ गए।

बताया जा रहा है कि परिवार बेटी का जन्मदिन मनाकर कावाथे-महाकाल से तासगांव लौट रहा था। हादसे के असली कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन शुरुआती जांच से संकेत मिले हैं कि परिवार में सदस्यों में से एक, जो कार ड्राइव कर रहा था, उसे गाड़ी चलाते समय झपकी आ गई होगी। मांडले ने बताया कि सुबह होने पर एक स्थानीय व्यक्ति ने नहर में गिरी गाड़ी और घायल पड़े लोगों को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस ने बचाव कार्य शुरू कर दिया। मांडले ने बताया कि बचाव दल ने एकमात्र जिंदा बची 30 वर्षीय महिला स्वप्नाली वी. भोंसले को गंभीर चोटों के साथ तासगांव के लाइफकेयर अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना में मारे गए अन्य पीड़ितों की पहचान 60 वर्षीय राजेंद्र जे. पाटिल, उनकी 55 वर्षीय पत्नी सुजाता आर. पाटिल, उनकी 30 वर्षीय बेटी प्रियंका ए. खराडे, 3 वर्षीय पोते ध्रुव, 2 वर्षीय राजवी और 1 वर्षीय कार्तिकी के रूप में हुई है।

मांडले ने बताया कि कार को नहर से निकालने के लिए क्रेन मंगाई गई है, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## फ्लैट के सेप्टिक टैंक से मिले बांग्लादेशी सांसद के मांस के टुकड़े और बाल

❑ डीएनए टेस्ट से खुलेगा राज

कोलकाता । आरएनएस




पश्चिम बंगाल सीआईडी के जांच अधिकारियों ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें कोलकाता के निकट न्यू टाउन इलाके में एक फ्लैट के सेप्टिक टैंक से मांस के टुकड़े और बाल बरामद हुए हैं। संदेह है कि फ्लैट में ही बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या की गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने बांग्लादेश के सांसद के शरीर को 80 टुकड़ों में काटा और उन्हें हल्दी के साथ मिलाकर न्यू टाउन के आसपास एक नहर सहित विभिन्न स्थानों पर फेंक दिया।

अधिकारी ने बताया कि सेप्टिक टैंक से करीब 3.5 किलोग्राम मांस और कुछ बाल बरामद किए गए हैं। इन वस्तुओं की फोरेंसिक जांच की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये अनार की हैं या नहीं। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश की सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद की जिस फ्लैट में हत्या का संदेह है वहां पुलिस ने यह मानकर जांच की कि खून शौचालय के रास्ते बहाया गया गया होगा और एक टीम ने नाली के पाइप और सेप्टिक टैंक की जांच की।

अधिकारी ने बताया कि हमने आवासीय परिसर के अधिकारियों से सीवेज पाइप और सेप्टिक टैंक की जांच में मदद करने का अनुरोध किया था। उन्होंने बताया कि कोलकाता पुलिस की आपदा प्रबंधन टीम ने मंगलवार को राजरहाट के निकट एक मनोरंजन पार्क से सटी बागजोला नहर में तलाशी फिर शुरू की। तलाशी में मदद के लिए ड्रोन भी तैनात किए गए हैं।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस अपराध को अंजाम दिए हुए एक पखवाड़ा से अधिक समय हो गया है। शव को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट दिया गया था और इस बात की पूरी आशंका है कि उन्हें जलीय जीवों ने खा लिया होगा। बागजोला नहर का पानी गंदा है और शवों के अंग बहाव में बह गए होंगे। नहर से शव के टुकड़ों तथा हत्या में प्रयुक्त हथियारों को ढूंढने के लिए गोताखोरों को लगाया गया है।

इससे पहले बांग्लादेश पुलिस ने कहा था कि यहां के न्यू टाउन इलाके के एक फ्लैट में पाए गए रक्त के नमूने का वह डीएनए परीक्षण कराएगी और अनार के किसी रिश्तेदार के रक्त के नमूने से उसका मिलान करेगी ताकि यह पुष्टि हो सके कि नेता की हत्या की गई थी। जांच के सिलसिले में कोलकाता आए ढाका पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि यदि अवामी लीग के सांसद के शरीर के अंग नहीं मिल सके तो अंतिम विकल्प के रूप में डीएनए परीक्षण किया जाएगा।

## बिहार में गर्मी से बुरा हाल, शेखपुरा में 50 छात्र स्कूल में बेहोश हुए

❑ सीएम नीतीश कुमार ने राज्य के मुख्य सचिव को स्कूलों को बंद करने के दिए निर्देश

पटना । आरएनएस



प्रचंड गर्मी से उत्तर भारत के सभी राज्य तप रहे हैं। दिल्ली में तापमान जहां 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, वहीं बिहार में लू के थपेड़ों से लोग परेशान हैं।खबर आ रही है कि बिहार में स्कूल भीषण गर्मी में खुले हैं, जिसके कारण कई बच्चे बीमार हो रहे हैं। शेखपुरा में 50 और बेगुसराय में 18 छात्र स्कूल में ही बेहोश हो गए।बीमार बच्चों का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है।

बिहार के स्कूल 15 अप्रैल से 15 मई तक गर्मी के कारण बंद हुए थे। इसके बाद स्कूल सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक चल रहे हैं।अभी तक 9 जिलों में 80 बच्चों के बीमार होने की खबर आई है, जिसमें बेगूसराय, शेखपुरा, सीवान, भागलपुर, मुंगेर, जमुई, बांका और कटिहार शामिल है। यहां तापमान 42 से 48 डिग्री के बीच बना हुआ है।कुछ बच्चों को स्कूल से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिहार में गर्मी के कारण स्कूलों में बीमार होने की घटना के कारण सीएम नीतीश कुमार ने राज्य के मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा को निर्देश दिए . अब सभी तरह के स्कूल, कोचिंग और शिक्षण संस्थान आठ जून तक पूर्ण रूप से बंद रखे जाएंगे.

### केवल 12 दिन में टूट गया दिल्ली में सबसे गर्म दिन का रिकॉर्ड, 49.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया तापमान

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में मंगलवार को पारा 49.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जो अब तक का सबसे अधिक दर्ज किया गया तापमान है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, कुछ इलाकों, जैसे मुंगेशपुर और नरेला में तापमान 49.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 9 डिग्री सेल्सियस अधिक है। नजफगढ़ में भी 49.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली के सफदरजंग में तापमान 48.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा है। गौर करने वाली बात ये है कि पिछले 100 सालों में दिल्ली में सबसे ज्यादा दर्ज किया गया तापमान 49.2 डिग्री सेल्सियस था, जिसे 15-16 मई 2022 को रिकॉर्ड किया गया था। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बीच राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और गुजरात के लिए 'रेड' अलर्ट जारी किया गया है। यह चेतावनी सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए लू लगने और हीटस्ट्रोक होने की बहुत अधिक संभावना को दर्शाता है। स्काईमेट वेदर के मौसम विज्ञान और जलवायु परिवर्तन के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने भीषण गर्मी के पीछे का कारण बताते हुए कहा, खुले खेतों वाले इलाकों में विकिरण (रेडिएशन) बढ़ जाता है। सीधी धूप और छाया की कमी इन क्षेत्रों को अत्यधिक गर्म बना देती है। उन्होंने आगे कहा, जब हवा पश्चिम से चलती है, तो यह सबसे पहले इन क्षेत्रों को प्रभावित करती है। चूंकि ये बाहरी इलाके होते हैं, इसलिए तापमान तेजी से बढ़ता है।

## अब दोपहर 12 से 3 बजे तक काम नहीं करेंगे मजदूर

नईदिल्ली

देश के कई राज्यों में दिनों सूरज का सितम जारी है. कई इलाकों में तो हालात यह है कि पारा 50 डिग्री सेल्सियस यानी हाफ सेंचुरी लगा चुका है. राजस्थान, हरियाणा और राजधानी दिल्ली इन दिनों भीषण गर्मी का सामना कर रही है. उत्तर भारत में सूजर की तपिश ने लोगों की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं. कई लोग घरों से निकलने में भी दो बार सोच रहे हैं तो जो लोग निकल रहे हैं वो हीट वेव यानी लू का चपेट में आ जा रहे हैं.

इस बीच दिल्ली में उपराज्यपाल ने बड़ा फैसला लिया है. प्रचंड गर्मी के चलते राजधानी दिल्ली में दोपहर 12 से 3 बजे तक तक मजदूरों को काम से छूट दी गई है. यानी इस दौरान वर्कर ब्रेक ले सकेंगे. खास बात यह है कि मजदूरों के इस राहत के बदले उनकी सैलरी भी नहीं काटी जाएगी.

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना के आदेश के मुताबिक अब दिल्ली में प्रचंड गर्मी के बीच मजदूरों को बड़ी राहत दी गई है. इसके तहत उन्हें तीन घंटे काम से ब्रेक मिलेगा. इस छुट्टी के बदले श्रमिकों का वेतन भी नहीं काटा जाएगा. यानी सवेतन वह तीन घंटे की छुट्टी ले सकेंगे.

इसके साथ ही एलजी ने निर्माण स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में पानी और नारियल पानी उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया है. इसके साथ-साथ बस स्टैंड जैसे जगहों पर घड़ों में पर्याप्त पानी रखने के लिए भी उपराज्यपाल की ओर से निर्देश दिए गए हैं.

## बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण के काफिले ने तीन को रौंदा, दो बच्चों की मौत, एक गंभीर

लखनऊ । आरएनएस



लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान से पहले एक बड़ी खबर सामने आई है. उत्तर प्रदेश में बृभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह के काफिले ने तीन बच्चों को रौंद दिया है. बताया जा रहा है कि इस दुर्घटना में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि तीसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है. घायल अवस्था में इस बच्चे को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां चिकित्सकों की टीम उसके इलाज में लगी है. मामला कैसरगंज का बताया जा रहा है. इसी सीट से करण शरण सिंह चुनाव भी लड़ रहे हैं.

बताया जा रहा है कि करण शरण सिंह मौके पर नहीं रुके, लेकिन एक फॉर्च्यूनर कार जिस पर पुलिस एस्कोर्ट लिखा है उसके कब्जे में ले लिया गया है. ये हादसा उस वक्त हुआ है जब करण भूषण सिंह का काफिला हुजूरपुर की ओर जा रहा था. इस बीच बैकुंठ डिग्री कॉलेज के पास सडक़ पार कर रहे तीन बच्चों को करण भूषण के कॉन्वाय में शामिल एक कार ने रौंदा है.

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो करण सिंह के काफिले ने जब तीन बच्चों को रौंदा तो न तो वह कार से नीचे उतरे और न ही उन्होंने या उनके किसी आदमी ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया. घायल बच्चे के परिजनों और स्थानीय लोगों ने ही जख्मी बच्चे को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसका इलाज चल रहा है. बताया जा रहा है कि मौके पर कई लोग इकट्ठा हो गए और लोगों में काफी नाराजगी भी है.

## गुजर गया चक्रवात रेमल : पूर्वोत्तर के राज्यों में गई 37 लोगों की जान

नईदिल्ली । आरएनएस



बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवात रेमल अब गुजर चुका है लेकिन ये अपने पीछे तबाही के निशान छोड़ गया है. जिसका दर्द कई परिवारों को सालों तक तड़पाएगा. चक्रवात रेमल रविवार देर रात बांग्लादेश और बंगाल के तट से टकराने के बाद कमजोर पड़ गया. लेकिन इनसे पूर्वोत्तर के राज्यों में तबाही मचा दी. जिससे अब तक 37 लोगों की मौत हो चुकी है. सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य मिजोरम है. जहां चक्रवात रेमल के कारण भारी बारिश हुई. मिजोरम समेत पूर्वोत्तर के राज्यों में 37 लोगों की मौत के अलावा अब भी कई लोग लापता बताए जा रहे हैं.

वहीं सैकड़ों लोग राहत शिविरों में शरण लेने के लिए मजबूर हैं. भारी बारिश से सैकड़ों घर नष्ट हो गए हैं और बिजली के खंभे उखड़ गए हैं. मिज़ोरम इस क्षेत्र में सबसे अधिक प्रभावित राज्य रहा है. राज्य सरकार ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि चक्रवात रेमल ने मिजोरम की राजधानी आइजोल के मेल्थम, ह्लिमेन, फाल्कन और सलेम वेंग इलाकों में 27 लोगों की मौत हो गई. राहत टीमों ने अब तक 27 लोगों के शव बरामद किए हैं, शहर में खोज और बचाव अभियान जारी रहने के कारण मरने वालों की संख्या बढऩे की संभावना है.

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने 15 करोड़ रुपये और मृतक आश्रितों को 4 लाख की अनुग्रह राशि राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) से देने का ऐलान किया है. इसके अलावा, अधिकारियों ने पुष्टि की कि चक्रवात के बाद राज्य में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण असम में चार लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए. असम के सोनितपुर जिले में एक स्कूल बस पर पेड़ गिर गया, जिससे 12 बच्चे घायल हो गए. अधिकारियों ने बताया कि उन्हें एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

वहीं चक्रवात रेमल के कारण हुई भारी बारिश ने नागालैंड में चार लोगों के मारे जाने की खबर है. यहां 40 से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा है, राज्य अधिकारियों ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की. चक्रवात के आने के एक दिन बाद एनडीआरएफ ने खोज अभियान में मदद के लिए एक अंडरवाटर ड्रोन तैनात किया. राज्य में विनाशकारी हवा की गति के कारण कई घर और पेड़ गिर गए, जिससे राज्य के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान मुश्किल हो गया है.

अधिकारियों ने बताया कि चक्रवात रेमल के बाद मेघालय में भारी बारिश के कारण दो लोगों की मौत हुई है. साथ ही 500 से अधिक लोग घायल हुए हैं. उन्होंने बताया कि एक की मौत पूर्वी जैंतिया हिल्स में और एक की मौत पूर्वी खासी हिल्स जिले में कार दुर्घटना में हुई है. इससे पूर्वोत्तर राज्यों में मरने वालों की कुल संख्या 37 हो गई.